शालीमार पेंट्स पूर्वी उत्तर प्रदेश में बढ़ाएगी अपनी मौजूदगी

क्षेत्र के लिए खासतौर से पेश किए नए इमल्शन और प्राइमर

लखनऊ। भारत की प्रमुख पेंट निर्माता कंपनी षालीमार पेंट्स लिमिटेड ने आज अपने नए उत्पादों को पेष करते हुए पूर्वी उत्तर प्रदेश के बाजारों में अपनी पैठ और मजबूत बनाने की योजना का ऐलान किया। इस मौके पर शालीमार पेंट्स के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) समीर नागपाल ने कहा, ''यह उल्लेखनीय है कि हम इस क्षेत्र में स्वतंत्रता के समय से मौजूद हैं और औद्योगिक एवं संस्थागत क्षेत्रों में एक मजबूत स्थिति बनाए हुए हैं। अपनी रियासत और मजबूती का लाभ उठाते हुए, हमें संभावित उपभोक्ता व्यापार को हासिल करने का और इस क्षेत्र में एक मजबूत खिलाड़ी के रुप में उभरने का महत्वपूर्ण मौका दिखाई दे रहा है।''

देष की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित पेंट निर्माता कंपनी मौजूदा समय में रणनीतिक बदलाव के दौर से गुजर रही है और अब ग्राहक केंद्रित कंपनी के तौर पर खुद को स्थापित करने में जुटी है। इसके तहत षालीमार पेंट्स अब डेकोरेटिव पेंट्स कारोबार पर ज्यादा ध्यान दे रही है। उत्तर प्रदेष में कंपनी के 5 डिपो (आगरा, गाजियाबाद, कानपुर, लखनऊ और वाराणसी) में हैं और 600 से ज्यादा डीलरों के जरिये राज्य के सभी प्रमुख बड़े और छोटे शहरों में अपने उत्पादों की बिक्री करती है। श्री नागपाल ने कहा कि इस बाजार में ग्राहक अपने पेंट से अधिक लाभ और मोल चाहते हैं। उन्हें बेहतर मोल दिलाने के मकसद से हम नए उत्पाद पेश कर रहे हैं, जो उपभोक्ता शोध पर हमारे द्वारा किए गए महत्वपूर्ण निवेश का परिणाम है। साथ ही, हम इस क्षेत्र में अपने डीलर और डिस्ट्रिब्यूशन नेटवर्क को भी मजबूत बना रहे हैं ताकि ग्राहकों को बेहतर सेवाएं दे सकें। इन कदमों से हमें अपने डीलर आधार बढ़ाने में मदद मिलेगी और बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने में भी हम सक्षम होंगे।'' शालीमार के उत्पादों से जहां दीवारों की सुंदरता निखर कर सामने आती है वहीं ये अंदर की दीवारों को मजबूती मिलती है और बाहरी दीवारों को भी लंबे समय तक सुंदर बनाए रखने में सक्षम है। कंपनी की ओर से पेष किए गए नवीनतम उत्पाद नंबर 1 सिल्क इंटीरियर इमल्शन से बेहतर स्क्रब रेजिस्टेंस, शानदार मैट फिनिश और बेहतरीन कवरेज का लाभ मिलता है।